पांचना बांध आंदोलन से संबंधित एफआईआर वापस लेने की मांग, किसानों ने रैली निकाली

किसानों की रैली को प्रशासन ने रोका, धरना स्थल पर जा रहे थे

गंगापुर सिटी, (निसं)। पांचना आंदोलन से संबंधित एफआईआर वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को किसानों ने एक रैली निकाली। मीणा बड़ौदा, सेंगनपुरा, बड़ौली और परीता सहित कई गांवों के किसान गांवड़ा मीणा स्थित धरना स्थल की ओर जा रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए, जिनमें कई लोग वाहनों से भी पहुंचे। रैली जब मीणा बड़ौदा-सेंगनपुरा मार्ग पर पहुंची, तो प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर उसे रोक दिया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से बातचीत की और शांति तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

गंगापुर सिटी में किसानों की रैली को पुलिस अधिकारियों ने बैरिकेटिंग लगाकर रोकने की कोशिश की।

- मीणा बड़ौदा, सेंगनपुरा, बड़ौली और परीता सहित कई गांवों के किसान रैली के रूप में गांवड़ा मीणा स्थित धरना स्थल की ओर जा रहे थे
- अधिकारियों ने किसानों को मेड़ी-कटकड़ के वैकल्पिक मार्ग से आगे बढ़ने का सुझाव दिया, समझाइश के बाद आगे बढ़ने की अनुमति दी गई

अधिकारियों ने किसानों को मेड़ी-कटकड़ के वैकल्पिक मार्ग से आगे बढ़ने का सुझाव दिया। लंबी बातचीत और समझाइश के बाद किसानों को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। हालांकि, पांचना बांध के पास पहुंचने पर प्रशासन ने रैली को एक बार फिर रोक दिया। किसान पांचना बांध होते हुए ही गांवड़ा मीणा जाने की अपनी मांग पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से रैली निकाल रहे हैं और पांचना आंदोलन से जुड़ी एफआईआर वापस लेने की अपनी मांग प्रशासन तक पहुंचाना चाहते हैं। किसानों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न करना नहीं है, बल्कि पांचना आंदोलन के मामलों में दर्ज एफआईआर की वापसी की मांग को लेकर गांवड़ा मीणा तक पहुंचना है। किसानों की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी और जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर बैरिकेडिंग के माध्यम से रैली को नियंत्रित किया।

रामदेवरा के रामसरोवर में अवैध नौकायन बंद कराने की मांग

रामदेवरा, (निसं)। लोकदेवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाले अंतरप्रांतीय रामदेवरा मेले-2026 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 13 सितंबर से मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। जिला प्रशासन, उपखंड प्रशासन एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मेले की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इधर, मेले की तैयारियों के बीच रामदेवरा के पवित्र रामसरोवर तालाब में कथित अवैध नौकायन और अतिक्रमण का मुद्दा भी सामने आया है। बाबा रामदेव समाधि समिति के सदस्य आनंद सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर रामसरोवर तालाब में चल रहे अवैध नौकायन को बंद करवाने, घाटों पर नौकाओं को खड़ा करने के लिए लगाए गए स्टैंड हटाने तथा सरोवर के आसपास किए गए अन्य अतिक्रमण हटाने की मांग की है। आनंद सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री से मामले में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करवाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। मेले में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र रामसरोवर तालाब को लेकर उठे इस मुद्दे के कारण प्रशासन के सामने अब मेले की व्यवस्थाओं के साथ-साथ तालाब की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने की चुनौती रहेगी।

- समाधि समिति सदस्य ने अवैध नौकायन बंद कराने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

वहीं मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन की ओर से टेंट, सफाई, पार्किंग, पेयजल, चिकित्सा, यातायात और सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पार्किंग व्यवस्था के लिए भी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पार्किंग टेंडर की बोली 72 लाख 50 हजार रुपए से शुरू होगी। टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से करीब एक माह तक पार्किंग व्यवस्था संचालित की जाएगी। लक्खी मेले के दौरान रामदेवरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए प्रशासन यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल उपलब्ध कराने, सफाई व्यवस्था मजबूत करने तथा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी में जुट गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी संबंधित विभागों के बीच समन्वय की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आने वाले दिनों में मेले की तैयारियां और तेज होने की संभावना है तथा विभिन्न विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपकर व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने की कवायद की जाएगी।

सूरतगढ़ में रोडवेज बस और कैश वैन में टक्कर

सूरतगढ़, (निसं)। सूरतगढ़-गंगानगर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर गांव श्योपुरा कस्सी के पास सोमवार को रोडवेज बस और कैश वैन में भिड़ंत हो गई। हादसे में कैश वैन में सवार 4 लोगों में से 2 घायल हो गए। दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सूरतगढ़ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

सदर थाना के एएसआई इंद्राज पूनिया ने बताया कि बस बीकानेर से सूरतगढ़ होते हुए श्रीगंगानगर जा रही थी। वहीं कैश वैन सादुलशहर से सूरतगढ़ की ओर आ रही थी। श्योपुरा कस्सी के पास दोनों गाड़ियों में टक्कर हो गई। हादसे में कैश वैन ड्राइवर यूनुस खान (56) पुत्र हाजी जलाल निवासी हनुमानगढ़ और गनमैन अब्दुल शकूर (51) पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी हनुमानगढ़ घायल हो गये। कैश वैन में सवार 2 अन्य लोग सुरक्षित बच गए। वहीं रोडवेज बस में करीब एक दर्जन यात्री सवार थे, जिन्हें भी कोई चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। हादसे के बाद रोडवेज अधिकारी और बैंक कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार कैश वैन में नकदी भी थी। बैंक कर्मचारियों ने दुर्घटनाग्रस्त वैन से नकदी निकालकर उसे दूसरे वाहन के जरिए बैंक पहुंचाया। एएसआई पूनिया ने बताया कि फिलहाल इस संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को परिवाद नहीं दिया गया है।

- कैश वैन के ड्राइवर और गनमैन घायल, इलाज के बाद छुट्टी मिली

हत्या के दोषी को सजा सुनाई

कोटा, (निसं)। पत्नी की हत्या के करीब साढ़े चार साल से अधिक पुराने मामले में सुनवाई करते हुए जिला सत्र एवं सेशन न्यायालय (डीजे कोर्ट) के न्यायाधीश सत्यनारायण व्यास ने पकड़े गये आरोपी कुलदीप को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक मनोज पुरी ने बताया कि 17 नवम्बर 2021 को फरियादी रामचरण ने इटावा थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

पिता ने मोबाइल चलाने से डांटा तो बेटे ने आत्महत्या की

पिता की डांट से नाराज होकर बेटे ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी थाना इलाके में पिता की डांट से नाराज होकर बेटे ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर सुसाइड कर लिया।

जानकारी के अनुसार इलाके के हनुमान नगर बस्ती के 11वीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र मोबाइल चला रहा था, जिस पर पिता ने डांटते हुए उसको फोन चलाने से मना किया और मोबाइल छीन लिया, जिससे नाराज होकर बेटे ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेटे की तबियत बिगड़ती देख परिजन उसे निजि अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही पिता की भी तबियत बिगड़ गई। सूचना पाकर दादाबाड़ी पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। दादाबाड़ी थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया कि हनुमान बस्ती निवासी मयंक (16) ने पिता की डांट से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

वहीं कैथूनीपोल थाना इलाके में एक युवक ने जहरीले पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया। कैथूनीपोल पुलिस ने बताया कि इलाके के मोखापाडा निवासी सोनू कुमार (40) ने घर पर अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

तबियत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई, मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

कोटा में रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

कोटा, (निसं)। शहर के न्यू कोटा रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव शत-विक्षिप्त हालत में मिला। सूचना पर जीआरपी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक युवक की शिनाख्त मूल रूप से बारां जिले के अंता के रहने वाले हरीश नायक के रूप में हुई। युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड किया या कोई हादसे का शिकार हुआ, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामले में सामने आया कि मृतक युवक उदयपुर से बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एंड सर्जरी के फाईनल ईयर में था और कोटा में इंटर्नशिप कर रहा था। जीआरपी के हेड कांस्टेबल डालचंद ने बताया कि न्यू कोटा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची मृतक के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया।

महिला से मारपीट, दो जने गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में महिला को बंधक बनाकर बाल काटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एक महिला ने 6 अगस्त को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में मामला दर्ज करवाया था। इसमें बताया कि उसे बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की और उसके चोटी के बाल काट दिए। इसके अलावा जातिसूचक गालियां देकर अपमानित भी किया गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने बहादुर सिंह और महेंद्र सिंह (23) पुत्र उगमसिंह निवासी प्रेम विहार पीएस राजीव गांधी नगर को गिरफ्तार किया।

पंजाब से गुजरात जा रही 25 लाख की शराब जब्त, एक गिरफ्त में

बीकानेर, (निसं)। यहा अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन नीलकंठ के तहत महाजन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अरजनसर-पलू मेगा हाईवे पर 465 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब से भरा कैंटर पकड़ा है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपए है। कार्रवाई जैतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में की गई।

पुलिस के अनुसार नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कैंटर को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में कैंटर से 465 पेटी चंडीगढ़ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब के परिवहन में इस्तेमाल कैंटर को जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शराब की खेप पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी। पुलिस ने शराब से भरे कैंटर के साथ चल रही फॉर्च्यूनर गाड़ी को भी पकड़ा। पुलिस के अनुसार फॉर्च्यूनर शराब से भरे कैंटर को एस्कॉर्ट कर रही थी। वाहन में सवार सतपाल उर्फ नैना और सुशील कुमार को दस्तयाब किया गया है।

- पुलिस ने 465 पेटी शराब से भरा कैंटर व एस्कॉर्ट कर रही फॉर्च्यूनर भी पकड़ी

मामले में पुलिस ने दिनेश कुमार (45) पुत्र शंकरराम विश्नोई निवासी पीलवा, थाना लोहावट, जिला फलोदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से शराब की खेप के स्रोत, तस्करी के नेटवर्क और इसे गुजरात में कहां पहुंचाया जाना था, इसे लेकर पूछताछ कर रही है। कार्रवाई थाना प्रभारी भजनलाल लावा के निर्देशन में की गई।

नेशनल हैण्डलूम कर्मियों ने परिचितों को फर्जी ग्राहक बनाकर लाखों का सामान दिया

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर सदर पुलिस थाना क्षेत्र में आए नेशनल हैण्डलूम में काम करने वाले दो कर्मचारियों पर सामान को खुर्द-बुर्द कर फर्जी तरीके से अपने परिचितों को सामान देकर 19 लाख से ज्यादा का गबन का केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने प्रकरण सामने आते ही एक आरोपी को पकड़ा है, जिससे अब पूछताछ चल रही है। दूसरा कर्मचारी फिलहाल हाथ नहीं लगा है।

थानाधिकारी सुंदरकला ने बताया कि हैण्डलूम के मैनेजर सुरेंद्र सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 5 अगस्त को वह ब्रांच के मैनगेट पर मौजूद था। तब लगभग 3.30 बजे दो ग्राहक माल से भरी हुई एक थैली मैन गेट पर लेकर आए। गेट पर लगे गार्ड ने बिल चेक करा और वो निकल गए। उस थैली में भरे माल देखकर संदेह हुआ। केश काउटर एवं हैण्डलूम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि दोनों ग्राहक किसी भी काउंटर से कोई माल नहीं खरीदा तथा माल का किसी भी केश काउण्टर बिल नहीं बनाया। सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर उक्त दोनों शख्स हैण्डलूम के 2 फ्लोर पर बने जूता काउंटर पर हैण्डलूम स्टाफ सैल्समेन भीख सिंह व गंगा सिंह के पास गए। उनके पास जाते ही इधर-उधर देखकर थैली जो माल से भरी हुई थी जिसको भीख सिंह ने उनमे से एक शख्स को दे दी एवं वो दोनों शख्स दो फ्लोर से नीचे उतर कर मैन गेट से बाहर निकल गए। दोनों को गेट तक छोड़ने के लिए भीख सिंह खुद उनके साथ मैनगेट तक आया। घटना पर संदेह होने पर पिछले 20-22 दिनो के सीसीटीवी फूटेज चेक किये तो सैल्समेन भीख सिंह व गंगा सिंह द्वारा अपने मिलने वालों को बुलाकर बिना किसी बिल का भुगतान किए सामान देते हुए दिखाई दे रहे हैं। फुटवियर काउंटर के स्टाक चेक करने पर 1 अप्रेल 2026 से 8 अगस्त तक का डाटा मिलान करने पर स्टाक कम मिला। आरोप है कि दोनों ने साजिशपूर्ण तरीके से माल को चोरी छुपे बिना बिल परिचितों को दिए।

- बिना बिल ही दे दिया सामान, एक कर्मचारी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

थानाधिकारी सुंदर कला ने बताया कि एक नामजद आरोपी भीखसिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे से आगे कड़ी को जोड़ा जा रहा है।

अपहरण और लूट के मामले का पर्दाफाश

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर ग्रामीण की शेरगढ़ थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने व्यापारी कैलाश सोनी के अपहरण और लूट के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी बदमाश पेशेवर चोर और नकबजन हैं।

पुलिस के अनुसार, वारदात की साजिश सोलंकियातला निवासी आरोपी अचलाराम ने रची थी। उसने पीड़ित कैलाश सोनी की दुकान से घर आने-जाने के समय की पूरी रेकी की और अपने साथियों को मोबाइल पर इसकी पल-पल की जानकारी दी। लोकेशन मिलते ही मगाराम, अशोक कुमार, श्रवणराम और नारायणराम ने सुनियोजित तरीके से व्यापारी का अपहरण किया और मारपीट कर सोने-चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी श्रवणराम (22), मगाराम (29), अशोक कुमार (24) और मुखबिरी करने वाले अचलाराम (20) को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने आरोपियों को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है, जिनसे लूटे गए जेवरात की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। समस्त वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी नारायणराम भील अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

कोटा में पांच किलो अफीम डोडा-चूरा जब्त

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए 5 किलो 126 ग्राम अफीम डोडा-चूरा सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा मय जाब्ता इलाके में गश्त करते हुए रंगपुर पुलिया के पास पहुंचे, जहां चाय की थड़ी पर एक व्यक्ति पिठ्ठु बैग सहित बैठा था, जो पुलिस जाब्ता को देखकर उठकर जाने लगा जिस पर पुलिस टीम को संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की, पूछताछ में संतोषप्रद जबाव नहीं मिलने पर पुलिस ने व्यक्ति को डिटेन कर उसके बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग में से डोडा-चूरा बरामद किया। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए जिला जोधपुर ग्रामीण के ग्राम नंदिया खुर्द निवासी प्रतापराम (28) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी प्रतापराम से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चितौड़गढ़ , झालावाड़ और बारां जिले से सामान्य मात्रा मे अफीम डोडा चूरा खरीदकर बस व ट्रेनों के माध्यम से अपने गांव पहुंचकर मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा को पीसकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अपने गांव व आस-पास के क्षेत्रो में बेचता था। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी मादक पदार्थ डोडा-चूरा को बारां से लाकर ट्रेन के माध्यम से जोधपुर जाने की फिराक में था।

अवैध शराब जब्त

उदयपुर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर पाटिया थानाधिकारी रमेशचन्द्र मय टीम ने झांझरी नाल में नाकाबंदी कर कार को रोक तलाशी ली तो उसमें तीन लाख की शराब के 38 कार्टन भरे थे। इस पर कार मय शराब जब्त कर लोकेश, जितेश को गिरफ्तार किया।

बोर्ड ने परख आधारित प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशालाएं शुरू की

अजमेर, (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप राज्य की परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में व्यापक बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके तहत राष्ट्रीय मूल्यांकन मानक संस्थान परख की टैक्सोनॉमी पर आधारित दक्षता मूलक एवं संतुलित प्रश्न-पत्र तैयार करने के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। छह जुलाई 2026 से शुरू हुई इस प्रशिक्षण श्रृंखला के तहत पांच दिवसीय संतुलित प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला के छठे बैच का शुभारंभ किया गया।

- कार्यशाला का उद्देश्य वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न-पत्रों को अधिक संतुलित, वैज्ञानिक और विद्यार्थी केंद्रित बनाना है
- मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. इंदिरा भादुड़ी ने कहा कि राज्यस्तरीय कार्यशालाएं दक्षतामूलक परीक्षा प्रणाली के मानकीकरण और प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी

कार्यशाला का उद्देश्य वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न-पत्रों को अधिक संतुलित, वैज्ञानिक और विद्यार्थी केंद्रित बनाना है। कार्यशाला का शुभारंभ राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। बोर्ड अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ ने कहा कि टैक्सोनॉमी आधारित प्रश्न-पत्र भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। परीक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति या रटने की क्षमता को जांचना नहीं, बल्कि उनकी समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण और समस्या समाधान की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

कार्यशाला के दौरान परख की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. इंदिरा भादुड़ी ने ऑनलाइन वीडियो संदेश के माध्यम से राष्ट्रीय आकलन ढांचे की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे मूल्यांकन सुधार विद्यार्थियों में केवल सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय व्यावहारिक क्षमताओं के विकास पर केंद्रित हैं। राज्यस्तरीय कार्यशालाएं दक्षतामूलक परीक्षा प्रणाली के मानकीकरण और प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

बोर्ड की परख समन्वयक उषा कच्छावा ने नवगठित परख मूल्यांकन प्रकोष्ठ की कार्ययोजना प्रस्तुत की। यह प्रकोष्ठ एकीकृत परीक्षा प्रबंधन प्रणाली और मानकीकृत मूल्यांकन के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यशाला में छह प्रमुख विषय समूहों को शामिल किया गया है। इनमें भाषा विषय, विज्ञान एवं गणित, सामाजिक विज्ञान एवं कला, वाणिज्य एवं अन्य विषय, भारतीय एवं क्षेत्रीय भाषाएं तथा कृषि एवं संबद्ध विषय शामिल हैं। प्रशिक्षण में परख टैक्सोनॉमी के तीन प्रमुख स्तंभों-जागरूकता, संवेदनशीलता और सृजनात्मकता-को प्रश्न-पत्रों में संतुलित रूप से शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों की समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण, तार्किक चिंतन, पंचकोशीय विकास तथा 21वीं सदी के कौशलों के व्यावहारिक आकलन को ध्यान में रखकर प्रश्न तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों को स्वीकृत ब्लूप्रिंट के आधार पर वस्तुनिष्ठ, अति लघुत्तरात्मक, केस स्टडी तथा दक्षता मूलक प्रश्न तैयार करने का अभ्यास कराया जा रहा है। इन प्रक्रियाओं को भविष्य में एकीकृत परीक्षा प्रबंधन प्रणाली से जोड़े जाने की योजना है। प्रशिक्षण श्रृंखला में ब्लूप्रिंट विकास, प्रश्न-पत्र निर्माण और मूल्यांकन के मानकीकरण के लिए पांच विशेषज्ञों का प्रमुख योगदान रहा है।

इनमें दर्शन शर्मा, डॉ. राकेश कछारा, मनोज कुमार उपाध्याय, योगेश कुमार मिश्रा और डॉ. विनोद टेकचंदानी शामिल हैं। बोर्ड के अनुसार इस पूरी पहल से विषय विशेषज्ञ से लेकर ब्लूप्रिंट, प्रश्न निर्माण, प्रश्न-पत्र और मूल्यांकन तक एक पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रक्रिया विकसित होगी। इससे राज्य के लाखों विद्यार्थियों की वास्तविक दक्षताओं के अधिक सटीक आकलन के लिए मजबूत आधार तैयार होने की उम्मीद है।

छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर अजमेर में छात्रों का प्रदर्शन

अजमेर, (निसं)। प्रदेश में पिछले तीन वर्ष से बंद छात्रसंघ चुनावों को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर सोमवार को राजकीय महाविद्यालय अजमेर में छात्रों ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष अंकित घारू और इकाई अध्यक्ष मेहुल गुर्जर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र महाविद्यालय पहुंचे और मुख्य द्वार पर धरना देकर चुनाव बहाल करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने महाविद्यालय प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस एवं छात्रों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात रहा। बाद में छात्र महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे।

मांगों को लेकर छात्रों ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन दिया।

जिला अध्यक्ष अंकित घारू ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की पहली पाठशाला हैं। छात्र राजनीति लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली सीढ़ी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से चुनाव बंद होने के कारण प्रदेश के लाखों छात्रों को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने का अवसर नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में छात्रसंघ चुनाव बहाल करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार छात्रों की इस मांग को लगातार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकारों के लिए संगठन का संघर्ष जारी रहेगा।

इकाई अध्यक्ष मेहुल गुर्जर ने कहा कि छात्र राजनीति के माध्यम से गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के बच्चों की आवाज मजबूती से उठती है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रसंघ चुनाव बंद रहने से सामान्य परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के राजनीतिक रूप से आगे बढ़ने के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव बहाल होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।

प्रदर्शन के बाद छात्रों ने प्राचार्य को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर छात्रसंघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान पुलिस की ओर से क्लॉक टावर थाने का जाब्ता भी मौके पर मौजूद रहा। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष नंदू गुर्जर, सुनील मेघवंशी, संजय खींची, शरद राठौड़, दीपिका, जीतेश मोहनपरीया, जीशान खान, फरहाद खान, सनी गुर्जर, लाला चौधरी, अर्जुन जाट, युवराज जाट, प्रिंस मीणा, लोवलेश गुर्जर, आदित्य गोयर, विकास मेघवंशी, अशफाक खान, पीहू जाट, अभिषेक नायक, अरमान मलिक, रेहान खान सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- राजकीय कॉलेज के मुख्य द्वार पर छात्रों ने धरना देकर नारेबाजी की, पुलिस और छात्रों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई